# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.01.2025

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 06.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "मिशन शक्ति फेज-5.0" के तहत महोबा पुलिस की मिशन शक्ति/एण्टीरोमियो टीम द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक-

प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे "मिशन शक्ति फेज- 05" के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महोबा पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया।



## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने
## 02 नफर वारण्टी अभियुक्ताओं को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 06.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महोबकंठ श्री गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 अजय प्रताप सिंह मय उ0नि0 सतीश कुमार शुक्ला मय हमराह म0का0 ऋचा वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्ताओं क्रमशः 1.सुनीता पत्नी चिनगुट्टा उर्फ गयाप्रसाद 2.सावित्री पत्नी रम्मू अहिरवार निवासीगण ग्राम कोहनिया थाना महोबकंठ जनपद महोबा सम्बन्धित मु0सं0 548/2018 धारा 323/504 भादवि, एनसीआर नं0 66/2010 में मा0 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलपहाड़ महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभि0गण उपरोक्त को ग्राम कोहनिया के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभि0गण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्तागण-

1. सुनीता पत्नी चिनगुट्टा उर्फ गयाप्रसाद उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम कोहनिया थाना महोबकंठ जनपद महोबा
2. सावित्री पत्नी रम्मू अहिरवार उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम कोहनिया थाना महोबकंठ जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अजय प्रताप सिंह
2. उ0नि0 सतीश कुमार शुक्ला
3. म0का0 ऋचा वर्मा



## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने आत्महत्या के लिये उकसाने वाले आरोपी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 06.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 राजनारायण मय हमराह का0 अंशुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 02/2025 धारा 108/351(2) BNS से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त संदीप सिंह परिहार पुत्र विजय सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम टोला खगारन थाना चिकासी जनपद हमीरपुर को चरखारी स्टेशन के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

संदीप सिंह परिहार पुत्र विजय सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम टोला खगारन थाना चिकासी जनपद हमीरपुर

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 राजनारायण
2. का0 अंशुल कुमार



## थाना कबरई पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 06.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठिक की गई उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम गहरा के पास से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.संतोष कुशवाहा पुत्र देवीदीन कुशवाहा उम्र करीब 29 वर्ष 2.मुन्ना कुशवाहा पुत्र देवीदीन कुशवाहा उम्र करीब 33 वर्ष 3.सूरज अहिरवार पुत्र नत्थू अहिवार उम्र करीब 36 वर्ष समस्त निवासीगण ग्राम गहरा थाना कबरई जनपद महोबा 4.जयप्रकाश पुत्र सन्तराम उम्र करीब 29 वर्ष निवासी ग्राम उटिया थाना कबरई जनपद महोबा को पुलिस हिरासत मे लिया गया। जिनके कब्जे से जामा तलाशी से 490 रुपये, माल फड 2500 रुपये व 52 अदद ताश पत्ते बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 06/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. उ0नि0 श्रीप्रकाश सिंह परिहार
2. कां0 नरेन्द्रबाबू 3. कां0 सुभम कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.संतोष कुशवाहा पुत्र देवीदीन कुशवाहा उम्र करीब 29 वर्ष नि0 ग्राम गहरा थाना कबरई जनपद महोबा

2.मुन्ना कुशवाहा पुत्र देवीदीन कुशवाहा उम्र करीब 33 वर्ष नि0 ग्राम गहरा थाना कबरई जनपद महोबा

3.सूरज अहिरवार पुत्र नत्थू अहिवार उम्र करीब 36 वर्ष नि0 ग्राम गहरा थाना कबरई महोबा

4. जयप्रकाश पुत्र सन्तराम उम्र करीब 29 वर्ष नि0 ग्राम उटिया थाना कबरई जनपद महोबा।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः- 06.01.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।




@MahobaPolice

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 06.01.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान 02 तमंचा व 06 जिन्दा कारतूस के साथ 04 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध शस्त्रों पर प्रभावी रोक हेतु प्रचलित सघन चेकिंग अभियान के दौरान आज दिनांक- 06.01.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल व उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.राहुल कुशवाहा उम्र करीब 21 वर्ष 2.अंकित सिंह उर्फ अंकित ठाकुर उम्र करीब 19 वर्ष 3.आकाश सिंह उर्फ आकाश ठाकुर उम्र करीब 23 वर्ष 4.विकास सिंह उर्फ विकास ठाकुर उम्र करीब 19 वर्ष को घटनास्थल पठा रोड पर पसवारा जाने वाले तिराहे के पास मोहल्ला शेखूनगर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से कुल 02 अदद तमंचा 315 बोर व 06 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज की बरामदगी की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर महोबा में क्रमशः मु0अ0सं0- 14/25, मु0अ0सं0- 15/25, मु0अ0सं0- 16/25 व मु0अ0सं0- 17/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया व अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल चौकी इन्चार्ज भटीपुरा थाना कोतवाली नगर महोबा
2. उ0नि0 देवेन्द्र ओझा चौकी इन्चार्ज सुभाष थाना कोतवाली नगर महोबा
3. हे0का0 मुजीब अहमद, थाना कोतवाली नगर महोबा
4. हे0का0 करम शेर खाँ थाना कोतवाली नगर महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त व बरामदगी विवरण-

1. राहुल कुशवाहा उर्फ राहुल जरैला पुत्र प्रीतम कुशवाहा उम्र करीब 21 वर्ष नि0 हमीरपुर चुंगी सुभाष नगर, थाना कोतवाली महोबा कब्जे से 01 अदद तमंचा व 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज
2. अंकित सिंह उर्फ अंकित ठाकुर पुत्र जागेश्वर सिंह उम्र करीब 19 वर्ष नि0 सुभाष नगर थाना कोतवाली नगर महोबा के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद कारतूस जिंदा 315 बोर नाजायज
3. आकाश सिंह उर्फ आकाश ठाकुर पुत्र जनार्दन सिंह उम्र करीब 23 वर्ष नि0 सेवायोजन कार्यालय के पास मु0 सुभाष नगर थाना कोतवाली नगर महोबा के कब्जे से 02 अदद कारतूस जिंदा 315 बोर नाजायज
4. विकास सिंह उर्फ विकास ठाकुर पुत्र रामेश्वर सिंह उम्र करीब 19 वर्ष स्थायी पता नि0 ग्राम रतौली चौकी पसवारा थाना कोतवाली नगर महोबा हाल निवास हमीरपुर चुंगी के पास किराये के मकान थाना कोतवाली नगर महोबा जनपद महोबा के कब्जे से 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर नाजायज

